POLICE COMMISSIONERATE

PRAYAGRAJ

सराहनीय कार्य / प्रेस विज्ञप्ति- दिनांक 27.05.2026

थाना हण्डिया पुलिस टीम द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय व अपर पुलिस आयुक्त के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान् पुलिस उपायुक्त गंगानगर व अपर पुलिस उपायुक्त गंगानगर के कुशल पर्यवेक्षण में व सहायक पुलिस आयुक्त हण्डिया के कुशल नेतृत्व में गंगानगर-जोन के थाना हण्डिया पर पंजीकृत मु0अ0सं0-211/2026 धारा-191(2)/115(2)/352/351(2)/105 भा0न्या0सं0 से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त विकास कुमार पुत्र धनीराम निवासी ग्राम भागीपुर थाना सरायइनायत कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना हण्डिया पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-27.05.2026 को थाना सरायइनायत क्षेत्रान्तर्गत ग्राम भागीपुर के पास से गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार उपरोक्त अभियुक्त द्वारा अपने परिजनों के साथ मिलकर दिनांक-10.05.2026 को थाना हण्डिया क्षेत्रान्तर्गत आयी बारात में वादी मुकदमा के भाई के साथ गाली-गलौज करते हुए मार-पीट करने एवं चार पहिया वाहन से टक्कर मार कर घायल कर देने के सम्बन्ध में दी गयी तहरीर के आधार पर थाना हण्डिया पर मु0अ0सं0-211/2026 उपरोक्त पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

विकास कुमार पुत्र धनीराम निवासी ग्राम भागीपुर थाना सरायइनायत कमिश्नरेट प्रयागराज, उम्र करीब 36 वर्ष।

सम्बन्धित अभियोग का विवरण-

मु0अ0सं0-211/2026 धारा-191(2)/115(2)/352/351(2)/105 भा0न्या0सं0 थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-

1. प्र0नि0 अनूप सरोज, थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज।
2. उ0नि0 राधेश्याम गुप्ता, थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज।
3. उ0नि0 रामायण सिंह, थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज।
4. उ0नि0 अनूप कुमार वर्मा, थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज।
5. का0 दीपक कुमार, थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज।